# चौमूं का इतिहास

गतांक से आगे.....



आमेर नरेश महाराजा पृथ्वीराज के पुत्रों में गोपाल जी शांतिप्रिय और विशेष बुद्धि वाले थे । गोपाल जी हिंदू मुसलमानों में मेल बढ़ाने वाले मेधावी मनुष्य थे। मुसलमान बादशाहों के समीप में हिंदू राजाओं का आदर पूर्वक सानुराग रहना गोपाल जी ने प्रारंभ करवाया था । आगे जाकर सम्राट अकबर ने हिंदू मुसलमानों के साथ एकता का बर्ताव करने में गोपाल जी का अनुकरण किया था। ठाकुर गोपाल जी के बाद नाथा जी चौमूं के ठाकुर बने। उन्होंने आमेर हेतु मानसिंह जी के साथ चित्तौड़, रणथंभौर और महाराणा प्रताप सिंह जी के साथ हुई लड़ाईयों में अत्यंत वीरता का परिचय दिया था। ठाकुर नाथावत जी राजपूतों की नाथावत शाखा के संस्थापक थे। जयपुर राज्य के कछवाहों में नाथावत वंश के मूल पुरुष नाथा जी थे। नाथावत जी की बड़ी रानी चौहानजी ने सामोद में एक बहुत बड़ी बावड़ी और गोपाल जी की छतरी बनवाई थी जो वर्तमान में जीर्ण शीर्ण अवस्था में है। नाथा जी के बाद उनके बड़े पुत्र मनोहरदास जी उनके उत्तराधिकारी बने । जयपुर वंशावली तथा मिर्जामान से ज्ञात होता है कि मानसिंह ने 47 छोटी लड़ाईयां तथा 67 बड़े युद्धों में विजय पाई थी । नाथावत सरदारों के इतिहास में लिखा है कि महाराज मानसिंह के साथ रहकर मनोहरदास जी ने 22 युद्धों में विजय प्राप्त की थी।



प्रिंस कुमार उप्पल (मुद्राशास्त्री) निदेशालय,पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग-जयपुर

शेष अगले अंक में

# डॉ.साहिब सिंह वर्मा की पुण्यतिथि पर 537 लोगों ने किया रक्तदान




**जयपुर (हमारा वतन)** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री जो गरीब एवं किसानों के हित के लिए निरंतर सदैव संघर्ष कर रहे थे लेकिन एक सडक हादसे में 30 जून 2007 को मृत्यु हो गई थी जो गरीब एवं किसानों के लिए अपूरणीय क्षति थी लेकिन आज 15 साल बीत जाने के बाद भी आज भी लोगों के दिलो में जिन्दा है । ये राधास्वामी बाग चौमूं स्थित बराला अस्पताल में नजर आया जहाँ स्वाभिमान ग्रामीण संस्थान के अध्यक्ष एवं बराला अस्पताल के निदेशक डॉ.श्रवण बराला पिछले 10 वर्षों से डॉ.साहिब सिंह वर्मा कि पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन कर रहे है लेकिन हर बार कि तुलना में महिलाओं में इस बार सर्वाधिक रक्तदान के प्रति भारी उत्साह नजर आया । डॉ. श्रवण बराला ने बताया कि साहिब सिंह वर्मा आज भी लोगों के दिलों में जिन्दा है उन्होंने गरीबो एवं किसानो के लिए संघर्ष किया उनका सपना था कि ``भारत आजाद तो हो गया लेकिन गरीबी भी मिटे,, और हम उनकी हर पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर लगाते है। यह हमारा दसवां रक्तदान शिविर है । इस शिविर से प्राप्त रक्त से इस मौसमी बिमारियों में रक्त कि कमी से झूझ रहे मरीजो को काफी हद तक राहत मिलती है । डॉ ग्यारसीलाल जाट बराला अस्पताल के निदेशक ने सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक देकर सम्मानित कर रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक किया । बराला हॉस्पिटल के निदेशक डॉ हनुमान बराला ने सभी रक्तदाताओं कि हौसला अफजाई की और लोगों को रक्तदान करने के फायदे बताये हुए कहा कि रक्तदान करने से दूसरे लोगों को आसानी से रक्त मिल जाएगा जिससे जान बच रही है । साथ में रक्तदाओं को भी अनेक बिमारियों से बचने का अवसर मिलता है और शरीर में नए रक्त का संचार होता है । रक्तदान शिविर में बराला हॉस्पिटल स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपिका बराला ने रक्तदान शिविर सभी महिलाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित कर होसला बढ़ाया । रक्तदान शिविर में बराला हॉस्पिटल के डॉक्टर्स,कर्मचारी,बराला नर्सिंग कॉलेज के शिक्षक,विद्यार्थियों ने भी बढ चढ़ कर रक्तदान किया,शिविर में कुल 537 लोगों ने रक्तदान किया ।

# उलझ जाता हूँ मैं

किसी से बात कहनी हो
किसी की बात सुननी हो
मानवता और मुझमें से
अगर मेरी जात चुननी हो
कुछ समझ नहीं आता,
बस उलझ जाता हूँ मैं

किसी से इजहार करना
किसी से प्यार करना हो
इस मतलबी दुनियाँ में
किसी पर ऐतबार करना हो
कुछ समझ नहीं आता,
बस उलझ जाता हूँ मैं

वायदे याद रखने हों
कायदे याद रखने हों
कुछ करने से पहले
फायदे याद रखने हों
कुछ समझ नहीं आता,
बस उलझ जाता हूँ मैं

किसी को अपना बनाना हो
किसी से मिलने जाना हो
वैसे सोचता भी हूँ
इन सब का क्या बहाना हो
कुछ समझ नहीं आता
बस उलझ जाता हूँ मैं



सिद्धार्थ गोरखपुरी

# (कब बीत जाती हो)

तुम कब बीत जाती हो
सब बच्चे पूछा करते हैं
इंतज़ार तुम्हारा
कब आओगी तुम
बस यही पूछते रहते हैं
जब तुम आती हो
चेहरे पे खुशी
छा जाती है
माँ खुश होकर
अपना बैग जमाती है
पापा टिकट करवाते है
ओर हम नानी के
घर जाते हैं
नानी देख हमें
मुस्काती है
रोज़ नए पकवान
बनाकर खिलाती है
कभी चाट तो
कभी आइस क्रीम
खिलाती है
नानाजी रोज़
शाम को बगीचे में
घुमाते है
माँ,नानी और मामी
पूरा दिन गपशप
मे बिताते है
और मामा-मौसी
हम बच्चों को
खूब मस्ती करते हैं
शाम होते ही
बिस्तर छत पर
लगाते हैं
उन पर कूद कूद कर
बहुत मस्ती करते हैं
पता ही नहीं चलता
कब छुट्टियां
बीत जाती है
और हम घर
आ जाते हैं।



इंदु खंडेलवाल, जयपुर

# अग्निपथ योजना देश की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा ,बेरोजगार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है - पूर्व विधायक सैनी



**चौमूं (हमारा वतन)** शहर के थाना मोड स्थित तहसील के सामने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार युवाओं के भविष्य के साथ हुए खिलवाड़ से न्याय दिलाने के लिए अग्निपथ योजना वापस लिए जाने की मांग के साथ अग्निपथ योजना के विरोध पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा शातिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया।पूर्व विधायक सैनी ने बताया कि युवाओं को प्रतिवर्ष दो करोड़ नौकरियां का झांसा देकर भाजपा केंद्र की सत्ता में आई है। भाजपा सत्ता में आने के बाद युवाओं से किया गया वादा भूल गए हैं। केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में 25 लाख से ज्यादा सरकारी पद खाली पड़े हैं। इसके बावजूद भी केंद्र सरकार भर्तियां नहीं कर रही है। जो बेरोजगारों के साथ सबसे बड़ा धोखा है। सेना में पहले नियमित भर्तियों हो रही थी। जिसे भाजपा सरकार द्वारा बंद कर दिया गया। अब पूर्णकालिक के बजाय सिर्फ 4 साल की नौकरी के लिए अग्निपथ योजना लेकर आए हैं, अग्निपथ योजना देश की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा तथा देश की सेवा में मर मिटने का सपना देखने वाले बेरोजगार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। सेना प्रमुखों को यह समझना चाहिए कि देश में आज बेरोजगारी भयंकर रूप धारण कर चुकी है। इसलिए पिछले 4 साल से जो भर्तियां रुकी हुई है।इस मौके पर कांग्रेस पदाधिकारी, युथ कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल, सरपंचगण, सरपंच प्रतिनिधि, जिला पार्षदगण, नगरपालिका पार्षदगण, पंचायत समिति सदस्य, सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता सहित आमजन मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री ने किया अनुमोदन

# अजमेर का ढसूक उप स्वास्थ्य केन्द्र, पीएचसी में क्रमोन्नत

जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री ने अजमेर जिले की पंचायत समिति अराई में स्थित ढसूक उप स्वास्थ्य केन्द्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी) में क्रमोन्नत करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। गहलोत के इस निर्णय से लोगों को स्थानीय स्तर पर बेहतर उपचार की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

# जीवन सुरक्षा एवं पर्यावरण रक्षा संस्था ने किया चिकित्सकों का अभिनंदन

**जयपुर (हमारा वतन)** जीवन सुरक्षा एवं पर्यावरण रक्षा संस्था के तत्वाधान में डॉक्टर्स डे के उपलक्ष में राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय रावण गेट चौमूं पर सम्मान समारोह का आयोजन संस्था अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा एवं संस्था प्रभारी सुभाष तिवारी के सानिध्य में किया गया । इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विष्णु दत्त शर्मा ,डॉ. शंकर लाल पारीक ,डॉ. यादराम कुमावत का संस्था की ओर से दुपट्टा एवं शॉल ओढ़ाकर प्रशस्ति पत्र एवं स्वामी विवेकानंद की तस्वीर भेंट कर अभिनंदन किया गया ।



इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा ने कहा कि भगवान जीवन देता है और चिकित्सक जीवन बचाता है ,कोरोना काल में चिकित्सकों ने सामाजिक सरोकारों में एक नया अध्याय जोड़ा ।

इस अवसर पर महेश शर्मा ,श्रीराम महला, जितेंद्र सैनी, गणेश कुमावत ,अंकित यादव ,विजय सैनी, पूजा सैनी, पूजा प्रजापत, निशा शर्मा ,अंजली पारीक ,कोमल सैनी ,संतोष सैनी सहित संस्था पदाधिकारी सदस्य उपस्थित रहे ।

# वतन जलाने वाले

वतन जलाने वाले कैसे
वफा निभा पायेंगे
आग लगाने वाले कैसे
अग्निवीर बन पायेंगे

आधी रोटी खा कर
बच्चे देश बचाने वाले थे
किसने जहर हवा में घोला
वो तो भोले भाले थे

शैतानों की करतूतों से
आहत सेना बहुत हुई
सीमा पर तनती बंदूकें
अपनों के आगे बंद हुई

वतन पे मिटने वाले ही
भारत को माता कहते हैं
अटल रहे जब देश का झण्डा
तभी चैन से रहते हैं

जलते वतन को देखके
यूं दिल में कसक सी उठती है
अंधा कानून और बहरी सत्ता
देखो कैसे सिसकती है।



विनोद शर्मा 'वेणु' अररिया (बिहार)

# जॉब्स

1. राजस्थान स्टाफ सिलेक्शन बोर्ड (आरएसएमएसएसबी) पद जूनियर इंजीनियर एग्रीकल्चर, पद संख्या 189, अंतिम तिथि 6 जुलाई 2022
2. इंडियन एयर फोर्स, पद अग्निवीर, पद संख्या घोषित नहीं, अंतिम तिथि 24 जुलाई 2022
3. असम राइफल्स, पद हवलदार कलर व ट्रेड्समैन, पद संख्या 1380, अंतिम तिथि 20 जुलाई 2022
4. आइटीबीपी, पद हेड कॉन्स्टेबल, पद संख्या 248, अंतिम तिथि 7 जुलाई 2022
5. आइटीबीपी, पद एएसआइ स्टेनोग्राफर, पद संख्या 38, अंतिम तिथि 7 जुलाई 2022
6. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (आरएसएमएसएसबी) पद पीटीआई, पद संख्या 5546, अंतिम तिथि 22 जुलाई 2022
7. सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया, पद जूनियर कोर्ट असिस्टेंट, पद संख्या 210, अंतिम तिथि 10 जुलाई 2022
8. एयर ट्रेफिक कंट्रोल,पद जूनियर एग्जीक्यूटिव, पद संख्या 400, अंतिम तिथि 14 जुलाई 2022

# अशोक चांदना ने बूंदी में आमजन के अभाव अभियोग सुन दिये निस्तारण के निर्देश

जयपुर(नि.सं.)। अशोक चांदना ने बूंदी में अल्प प्रवास के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों शिरकत की। इस दौरान उन्होंने आमजन के अभाव अभियोग भी सुने और उनका समाधान किया। चांदना ने सथूर स्थित रक्त दंतिका माता मंदिर में पहुंचकर दर्शन किए और प्रदेश की खुशहाली तथा अमन चैन की कामना की।




## बदली-बदली नजर आईं दिशा पाटनी! उदास होकर फैंस बोले-पहले कितनी सुंदर लगती थी

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस दिशा पाटनी जल्द ही एक विलेन रिटर्न्स में नजर आएंगी। इस फिल्म के ट्रेलर लॉन्च पर दिशा भी पहुंचीं, लेकिन उनका अंदाज काफी बदला-बदला नजर आया। उन्हें देखकर फैंस उदास हैं, जानिए क्यों? बॉलिवुड ऐक्ट्रेस दिशा पाटनी अक्सर चर्चा में रहती हैं। वो फिल्मों के साथ-साथ फिटनेस के लिए भी जानी जाती हैं। वो जल्द ही एक विलेन रिटर्न्स में नजर आएंगी, जिसका हाल ही में ट्रेलर लॉन्च किया गया। इस इवेंट में जब दिशा ब्लैक कलर की ड्रेस में पहुंचीं तो उन्हें देख लोगों की निगाहें उन पर थम गईं। वो बला की खूबसूरत दिख रही थीं, लेकिन फैंस को एक बात खटक गई। उन्हें दिशा कुछ बदली-बदली नजर आईं। कई लोग तो ये भी कह रहे हैं कि वो पहले नैचुरली कितनी सुंदर दिखती थीं, लेकिन अब कैसी लग रही हैं!एक विलेन रिटर्न्स साल 2014 में रिलीज हुई एक विलेन का सीक्वल है। पिछली मूवी में सिद्धार्थ मल्होत्रा ,श्रद्धा कपूर और रितेश देशमुख ने अहम भूमिका निभाई थी। फिल्म को बहुत पसंद किया गया था। इस मूवी की बात करें तो इसमें जॉन अब्राहम , अर्जुन कपूर , दिशा पाटनी और तारा सुतारिया लीड रोल में हैं। फिल्म का ट्रेलर हाल ही में एक इवेंट में लॉन्च किया गया।



**इवेंट में दिशा का लुक देख थम गईं निगाहें**-इस इवेंट में Disha Patani ने ब्लैक कलर का co-ord set पहना। इस ड्रेस में वो अपनी टोन्ड बॉडी फ्लॉन्ट करती दिखीं। इस लुक में वो बेहद खूबसूरत दिख रही थीं।हालांकि, कुछ फैंस कह रहे हैं कि उनका चेहरा बदला-बदला लग रहा है। इस वायरल वीडियो में लोगों ने अलग-अलग तरह के कॉमेंट किए हैं। किसी ने कहा कि उन्होंने नाक के लिए प्लास्टिक सर्जरी कराई है। वहीं, कोई कह रहा है कि उन्होंने लिप जॉब कराया है। एक ने लिखा, नैचुरल कितनी सुंदर लगती थी, अब क्या लग रही है।

**इस तारीख को रिलीज होगी मूवी**-एक विलेन रिटर्न्स को मोहित सूरी ने डायरेक्ट किया है। इसकी पहली सीरीज को भी मोहित ने ही डायरेक्ट किया था।

## शिव्या पठानिया से काम के बदले की गई थी डिमांड, कहा-'मैं एक कमरे में गई'

टीवी एक्ट्रेस शिव्या पठानिया कई धार्मिक सीरियल में नजर आ चुकी हैं। उन्होंने सीरियल 'राम सिया के लव कुश' में सीता का रोल किया था। इसके अलावा उनके मुख्य सीरियल में 'राधा कृष्ण' और 'बाल शिव- महादेव की अनदेखी गाथा' है। शिव्या का कहना है कि इंडस्ट्री में कड़ी मेहनत से ही ज्यादा काम पाया जा सकता है। वह अपने आपको खुशकिस्मत मानती हैं कि उनके पास वह आत्मविश्वास है। हालांकि इंडस्ट्री में वह मुश्किल भरे वक्त से भी गुजरीं जब उनके पास कोई काम नहीं था।



**की गई थी डिमांड**-शिव्या ने बताया कि उनका पहला टीवी सीरियल 'हमसफर्स' बंद हो गया था। वह उनके करियर का बेहद मुश्किल वक्त था। 8 महीने तक वह खाली थीं। बातचीत में शिव्या ने खुलासा किया कि काम के बदले उनसे यौन संबंधों की डिमांड की गई थी।

**जब ऑडीशन के लिए पहुंचीं**-शिव्या कहती हैं, 'मुझे सांताक्रूज (मुंबई) से ऑडीशन के लिए फोन आया था। मैं एक कमरे में गई, जो कि बहुत छोटा था। वह आदमी (शायद प्रोड्यूसर था) ने मुझसे कहा अगर मैं वह विज्ञापन करना चाहती हूं, जिसमें एक बड़ा सेलिब्रिटी है तो मुझे कॉम्प्रोमाइज करना पड़ेगा। सबसे मजाकिया क्या था जो मैं कभी नहीं भूलूंगी कि उसके लैपटॉप पे हनुमान चालीसा चल रही थी। यह इतना फनी था कि मुझे हंसी आ गई। मैंने हंसना शुरू कर दिया। मैंने उससे कहा, आपको शरम नहीं आ रही? आप भजन सुन रहे हो और आप क्या बोल रहे हो? कुछ वक्त बाद एक्ट्रेस को पता चला कि वह आदमी कोई प्रोड्यूसर नहीं था और उसका कोई प्रोडक्शन हाउस भी नहीं था। पठानिया कहती हैं, 'मैंने अपने सभी दोस्तों को उसके बारे में बताया जिससे वो फंस ना जाएं। मुझे नहीं पता उसमें इतनी हिम्मत कैसे थी

## Sushmita Sen Marriage
## बेटियों के कारण कभी दुल्हन नहीं बन सकीं सुष्मिता सेन? अब बोलीं- तीन बार तैयार हुई थी

सुष्मिता सेन ने कहा कि तीन बार ऐसा हुआ था, जब वो शादी करने के लिए पूरी तरह तैयार थीं। उन्होंने ये भी साफ कर दिया है कि उनकी दो बेटियां कभी भी उनके टूटे रिश्तों का कारण नहीं थीं। जानिए इस बारे में ऐक्ट्रेस ने और क्या-क्या कहा है।सुष्मिता सेन 46 साल की हैं। उन्होंने अब तक शादी नहीं की, लेकिन दो बेटियों रेने और अलीशा को गोद लेकर उनकी परवरिश कर रही हैं। दोनों बेटियां ही उनकी जिंदगी हैं। कई बार ये सवाल खड़े होते हैं कि क्या इनके कारण ही ऐक्ट्रेस किसी को अपना जीवनसाथी नहीं चुन पाईं! लेकिन अब इस पर खुद सुष्मिता ने खुलकर बात की है। उन्होंने खुलासा किया है कि तीन बार ऐसा हुआ था, जब वो लगभग शादी करने जा रही थीं, लेकिन फिर कुछ ऐसा हुआ कि वो कभी दुल्हन नहीं बन पाईं। इसके पीछे उनकी बेटियों वजह कभी नहीं बनी हैं।



# अनुशासन, परिश्रम के संदेश के साथ समर कैम्प का हुआ समापन

**रुड़की (हमारा वतन)** लंढौरा में समग्र शिक्षा अभियान के तहत आयोजित । दिवसीय ब्लॉक स्तरीय समर कैम्प का समापन किया गया ।जागर पदम श्री प्रीतम भरतवाण ने प्रथम दिवस के कैम्प का आनलाइन उद्घाटन करते हुए कहा कि आगे बढ़ने के लिए बच्चों में इच्छा शक्ति का होना बेहद जरूरी है । अनुशासन, निरंतर परिश्रम और इच्छा शक्ति से किसी भी मंजिल तक पहुंचा जा सकता है । उन्होंने अपनी बोली और संस्कृति के प्रति लगाव को भी जरूरी बताया। कहा कि बच्चों को अपनी बोली और संस्कृति को महत्व देना चाहिए । अपर परियोजना निदेशक द्वारा फीड़ बैक के माध्यम से भी बच्चों से शिविर में सिखाई गई बातों की जानकारी ली गई । शिविर समापन पर बच्चों द्वारा गढ़वाली, कुमाऊनी लोकगीतों की भी प्रस्तुती दी गई । प्रसिद्ध नृत्यांगना सोनल वर्मा ने भरत नाट्यम की प्रस्तुति दी । राज्य परियोजना निदेशक बंशीधर तिवारी एवं अपर राज्य परियोजना निदेशक डॉ मुकुल कुमार राठी ने कहा कि अवकाश अवधि में छात्रों के कौशल विकास के लिए आयोजित समर कैम्प उनमें नई ऊर्जा का संचार भरेगा और उन्हें इसके लिए और अधिक प्रेरित करेगा । इस अवसर पर मोहन जोशी, आकाश सारस्वत, पल्लवी, मनीषा रावत, बिजनौर के देवेश डांसर, कलाकार डॉ अंजना गुप्ता ने लय धुन के संगीत और सुबह की प्रार्थना का महत्व समझाया । इस अवसर पर लंढौरा राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य कुलदीप सैनी, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिझौली के प्रभारी प्रधानाचार्य अशोक पाल, गाधारोणा के प्रभारी प्रधानाचार्य अवधेश शर्मा, जैनपुर से गोपाल, सुनील पाल, नारसन से सीमा, डॉ संजय कुमार, कार्यक्रम प्रभारी राजकुमार सैनी आदि मौजूद रहे । खंड शिक्षा अधिकारी अमित कोठियाल ने सभी बच्चों को पेंटिंग देखकर प्रोत्साहन किया ।



# अग्निपथ योजना के विरोध में रुक्ष्मणी कुमारी ने उपतहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**जयपुर (हमारा वतन)** केंद्र सरकार द्वारा युवाओं पर लागू की गई अग्निपथ योजना के विरोध में ऑल इंडिया प्रोफेशनल्स कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष एवं पीसीसी सदस्य रुक्ष्मणी कुमारी ने चौमूं के गोविन्दगढ़ मे उप तहसीलदार कार्यालय पर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर गोविंद, लोकेश शर्मा,शंकर यादव,सुमन चौधरी,रविन्द्र नाथावत, मुकेश गुज्जर,संजय सूर्या, शिशुपाल चौधरी, रामप्रसाद, घनश्याम कुमावत,राजेश वर्मा,लोकेश वर्मा,दीपेंद्र जबडोलिया,गजेंद्र वर्मा,बाबूलाल चौधरी, दशरथ मीणा, जैसाराम व अन्य लोग मौजूद रहे।



## पंजाब के लोगों को आज से हर महीने 300 यूनिट फ्री बिजली मिलेगी : मुख्यमंत्री भगवंत मान

नई दिल्ली(एजेंसी)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा है कि पंजाब के लोगों को आज से हर महीने 300 यूनिट फ्री बिजली मिलेगी। हम खुश हैं कि हम इस गारंटी को पूरा कर पाए हैं। खेती के लिए हमने 8 घंटे बिजली देने का वादा किया था वो भी 8 घंटे या 15 घंटे बिजली आती रही, इससे संबंधित हमें एक भी शिकायत नहीं मिली है।

**हमारा वतन**

खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।

**Email-**
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

## आवर हैण्ड फॉर हेल्प चैरिटेबल फाउंडेशन ने कच्ची बस्तियों में बांटी शिक्षण सामग्री

**जयपुर (हमारा वतन)** आवर हैण्ड फॉर हेल्प चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वाधान में जयपुर स्थित कच्ची बस्तियों में गरीब पढने वाले बच्चो के लिए सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

इस कार्यक्रम में संस्था द्वारा बच्चो को पढने हेतु सामग्रियां उपलब्ध करवाई गयी । इस दौरान संस्था सदस्य मदन कुमावत ने बताया की जिस प्रकार संस्था पिछले सामाजिक कार्य करती आई है, उन्ही कार्यो की कड़ी में यह कार्यक्रम कच्ची बस्तियों में रहने वाले गरीब एवं पढने वाले बच्चो को अलग अलग जगहों पर जाकर उन्हें पढ़ने की सामग्री दी गयी। इसके साथ ही बच्चो को अल्पाहार भी दिया गया एवं बच्चो को बताया की अच्छी पढाई करने पर आगे कोई भी जरूरत पड़ने पर हमारी संस्था सदेव आपके साथ रहेगी और जरूरत की सामग्री उपलब्ध करवाएगी । इस दौरान संस्था अध्यक्ष चन्द्र प्रकश, उपाध्यक्ष महेश, सचिव विकाश, कोषाध्यक्ष ओम प्रकश, शंकर यादव, मुकेश सैनी, भंवर सैनी, नरेन्द्र, विनोद ,हेमंत शर्मा आदि सदस्य मोजूद रहे।





टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# सामाजिक समरसता व नारी सशक्तीकरण का अदभुत संदेश



राम गोपाल सैनी

केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली राजग गठबंधन की सरकार ने झारखंड की पूर्व राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति पद का प्रत्याशी बनाकर सामाजिक समरसता व नारी सशक्तीकरण का अदभुत संदेश दिया है जिससे आदिवासी समाज व महिलाओं के बीच प्रसन्नता की लहर दौड़ गई है। संसद व विधानसभाओं की अंकगणित के अनुसार राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू की जीत महज औपचारिकता भर रह गयी है क्योंकि उन्हें ओड़िशा की बीजू जनता, आंध्र प्रदेश की वाईएसआर कांग्रेस और बहन मायावती का समर्थन भी मिल चुका है। द्रौपदी मुर्मू छह साल तक झारखंड की राज्यपाल रह चुकी हैं इसलिए झारखंड की झारखंड मुक्ति मोर्चा सहित एनडीए में शामिल रहे सभी वर्तमान तथा पूर्व घटकों का सहयोग भी उन्हें मिलने जा रहा है। भाजपा ने आदिवासी समाज की (अनुसूचित जनजाति )की महिला को अपना राष्ट्रपति प्रत्याशी बनाकर एक तीर से कई निशाने साध लिये हैं। राजनैतिक विश्लेशकों का अनुमान है कि आगामी दिनों में भाजपा को इसका राजनैतिक लाभ मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ झारखंड गुजरात और ओड़िशा जैसे आदिवासी बहुल राज्यों में मिलेगा। मणिपुर में 41 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 34 प्रतिशत, त्रिपुरा में 32 प्रतिशत, झारखंड में 26.2 प्रतिशत और गुजरात में 15 प्रतिशत आदिवासी हैं। आदिवासी समाज का एक बहुत बड़ा वर्ग अभी भी विकास में बहुत पिछड़ा हुआ है। ऐसे समय पर राष्ट्रपति पद पर आदिवासी समुदाय की एक जुझारू महिला के होने का मात्र प्रतीकात्मक महत्व नहीं होगा बल्कि यह जनजातीय समाज के सर्वांगीण और वास्तविक विकास का भी स्वर्णिम अवसर बनेगा। इस निर्णय के साथ ही पार्टी अपनी शहरी पार्टी होने कि छवि से बहुत आगे निकल गयी है।यह भारत जैसे महान लोकतांत्रिक देश व भाजपा जैसे सर्व समावेशी राजनैतिक दल में ही संभव है कि बेहद गरीबी व जमीन से उठी एक आदिवासी महिला राष्ट्रपति पद को सुशोभित करने जा रही हैं। 25 वर्ष के बेदाग राजनैतिक जीवन जीने वाली भारतीय संस्कारों से ओतप्रोत राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू उम्मीदवारी की घोषणा के साथ ही ओड़िशा में रायरंगपुर के जगन्नाथ मंदिर में पूजा अर्चना करती हैं।

# अधिक पेड़ पौधें होने से रोक सकेंगे बारिश के पानी को: वृक्षमित्र डॉ सोनी

**देहरादून (हमारा वतन )** वृक्ष मित्र अभियान के सौजन्य से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देवाल परिसर में मेरा पेड़-मेरा दोस्त (मेरा वृक्ष-मेरा मित्र) के तहत बोटल ब्रास, फाइकस, सुराई, देवदार, पय्या, रीठा के पौधों का रोपण किया गया।

यह पौधारोपण पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी के नेतृत्व में तथा प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ शहजाद अली, एसबीआई के प्रबंधक मोहित चनयाल तथा उपवन क्षेत्राधिकारी सुरेंद्र सिंह बिष्ट की गरिमामय उपस्थिति में वन महोत्सव मनाया गया। वृक्षमित्र के अनुरोध पर पौधों के सुरक्षा के लिए एसबीआई प्रबंधक ट्री गार्ड देंगे व सुरक्षा की जिम्मेदारी हस्पताल के डॉक्टरों व स्टाफ ने ली है।

पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन को रोकने व स्वच्छ आबोहवा के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करना होगा तभी पर्यावरिणीय संतुलन बनाया जा सकता है ।हम अपने आप को सौभाग्यशाली समझते हैं





जहां पैसठ प्रतिशत भूभाग वनाच्छादित है और देश को ऑक्सीजन देता है, इसे तभी कायम रखा जा सकता है जब हम वनों का संरक्षण करेंगे। उन्होंने कहा पेड़ पौधे बारिश के तेज धार व बहाव को रोकने में सहायक होते हैं जिससे जनधन की हानी रोक सकते हैं और बारिश के पानी को बचाया जा सकता है।

प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. शहजाद अली ने कहा जल जीवन के लिए पौधारोपण जरूरी हैं हमें पौधारोपण के साथ उनको जीवित रखने का संकल्प लेना होगा। वही एसबीआई के प्रबंधक मोहित चनियाल ने कहा हमारा मकसद स्वच्छ, सुंदर वातावरण बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करना होगा तभी हम बारिश के पानी को बचाने के साथ एक संतुलित वातावरण बना सकेंगे। उपवन क्षेत्राधिकारी सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा वन विभाग का उद्देश्य वनों को लगाना और उनका हिफाजत करके पर्यावरणीय संतुलन बनाना है, वृक्षमित्र डॉ सोनी का हम आभारी हैं उन्होंने पर्यावरण की रक्षा के लिए अपना जीवन लगाया हुआ है । उन्होंने एक एक पौधा उपहार में भेंट भी किया।

# भविष्यवक्ता पंडित रविन्द्राचार्य ने किए उज्जैन काल भैरव के दर्शन

**उज्जैन (हमारा वतन)** अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविन्द्राचार्य ने उज्जैन में अपने इष्ट देव काल भैरव के दर्शन किए ।



पंडित रविन्द्राचार्य ने कहा कि दर्शन पाकर बहुत सुकून और मन प्रसन्न हुआ । काल भैरव तत्काल देवता है,जो जल्दी से परिणाम देता है । भैरव महाकाल के सेनापति हैं, जो भी सच्चे मन से दर्शन और प्रार्थना करता है उसकी मनोकामना पूर्ण होती है ।

काल भैरव मंदिर के मुख्य पुजारी चतुर्वेदी ने विशेष पूजा अर्चना करवाई । काल भैरव से देश में सुख - शांति और अमन चैन की प्रार्थना की । इस दौरान प्रशासक संध्या , सिंगल ब्रांड एम्बेसडर 2016 अमन मिश्रा , ईश्वर आडवाणी , युवा उद्योगपति आलोक भारती, युवा उद्यमी अतुल सक्सेना आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे ।




## वेदांता इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा गौरवी कुमावत ने इंटरनेशनल ओलंपियाड में ब्रोंज मेडल किया हासिल

**जयपुर (हमारा वतन)** सोसायटी फॉर ओलंपियाड (आई एस एफ ओ) द्वारा आयोजित हुई परीक्षा में वेदांता इंटरनेशनल स्कूल के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया था जिसमें से गौरवी कुमावत को ब्रोंज मेडल प्राप्त हुआ।प्राचार्या डॉ.योगिता जोशी ने सभी को बधाई दी एवं गौरवी कुमावत से प्रेरणा लेने की बात कही एवं अंत में गौरवी संग सभी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया।

# विराज फाउंडेशन ने किया डॉक्टर्स का सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)** विराज फाउंडेशन के तत्वावधान में चिकित्सा प्रकोष्ठ के द्वारा जयपुर हेल्थ केयर हॉस्पिटल, जयपुर रोड, चौमूं में डॉक्टर्स डे की पूर्व संध्या पर प्रदेश संरक्षक डॉ एम एल शर्मा व डॉ आर एन यादव द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रदेशाध्यक्ष (चिकित्सा प्रकोष्ठ) डॉ भारतराज शर्मा एव प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी ने चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों डॉ अजीत सिंह शेखावत, डॉ अनिता शर्मा, डॉ हनुमान बराला, डॉ मुखराम देवन्दा, डॉ राहुल गुर्जर, डॉ देवेंद्र गुप्ता, डॉ प्रतिभा अग्रवाल, डॉ मान प्रकाश सैनी, डॉ विजय यादव, डॉ आशुतोष कौशिक, डॉ उमेश हेमानी, डॉ अजय शर्मा, डॉ आरके सैनी, डॉ महेंद्र बुरी, डॉ अशोक टोकस, डॉ आरती चौधरी, डॉ राजेश गरेड, डॉ ओम प्रकाश शर्मा, डॉ अविनाश वशिष्ठ, डॉ सीताराम कुमावत, डॉ अनुराग शर्मा, डॉ सुनीता कुमावत, डॉ एमके अग्रवाल का माल्यार्पण कर शॉल व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया । प्रदेश प्रवक्ता डॉ आर एस मनावत ने बताया कि कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों डॉक्टर्स को सम्मानित किया गया तथा मरीजों एवं डॉक्टर्स के बीच में किस प्रकार से सामंजस्य एवं सद्भावना बनाए रखें इस पर व्याख्यान दिया, उन्होंने संगठन के द्वारा चिकित्सा शिविरों के बारे में जानकारी दी । इस दौरान प्रदेश महासचिव बनवारी लाल शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष सीएम सैनी, प्रदेश प्रचार प्रसार मंत्री चंद्रप्रकाश शर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष अनुराग शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष (सैनिक प्रकोष्ठ) कैप्टन श्रीराम शर्मा, जिलाध्यक्ष (व्यापार प्रकोष्ठ) नारायण लाल शर्मा आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।




# विधायक रामलाल शर्मा ने किया रक्तदान शिविर का पोस्टर विमोचन

**जयपुर (हमारा वतन)** सुभाष सर्किल स्थित भाजपा कार्यालय पर आज विधायक रामलाल शर्मा ने रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन किया। ग्राम पंचायत चीथवाड़ी में 7 जुलाई को महेश चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा स्वर्गीय श्री महेश कुमार शर्मा की आठवीं पुण्यतिथि पर आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन विधायक रामलाल शर्मा ने किया। इस मौके पर विधायक रामलाल शर्मा ने युवा मित्रों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने का आह्वान किया और कहा कि रक्तदान महादान है।




इस मौके पर पार्षद बाबूलाल यादव, नगर पालिका पूर्व नेता प्रतिपक्ष एनआर यादव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य कालूराम बबडवाल, पूर्व सरपंच चीथवाड़ी महेश शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, शंकर लाल शर्मा, नंदू एनआर शर्मा, राजेंद्र कुमार शर्मा, कैलाश तिवाड़ी आदि लोग उपस्थित रहे।




RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 7296873757
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा